प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने इस पद के लिए के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। पार्टी ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मतविभाजन की मांग नहीं की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। ओम बिरला को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री बिरला ने दोबारा निर्वाचित होकर इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों तक वे हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सदन को सुचारू रूप से चलाने में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

****

राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज धनबाद को तीन अरब तेरासी करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं की सौगात देंगे। अब से कुछ देर बाद बरवाअड्डा स्थित मेगा स्पोर्ट्स कंप्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वे एक अरब पैंसठ करोड़ से ज्यादा की 167 योजनाओं की आधारशिला रखेंगे जबकि एक अरब अड़तालीस करोड़ रुपये की योजनाओं का उदघाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री तेइस हजार से ज्यादा लाभुकों के बीच उनहत्तर करोड़ से ज्यादा रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे।

****

ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास आज दो दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंचे। सोनारी एयरपोर्ट पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री दास एयरपोर्ट से सीधे एग्रीको स्थित अपने आवास के लिए रवाना हो गए। वे सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय महा कुंड यज्ञ में शामिल होंगे।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विशेष जागरुकता अभियान चलाकर जन–जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। वे आज रांची के मोरहाबादी मैदान में मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मानव श्रृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों के बीच मैराथन दौड़ समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत राज्य के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

****

गिरिडीह जिले में पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र के पंजाबी मुहल्ला से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित लॉटरी जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बतायी गयी है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

****

टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क के री–डेवलपमेंट प्लान पर काम चल रहा है। इस कड़ी में यहां सबसे आकर्षक रेपटाइल हाउस बनाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

साउंड बाईट – राजेश कुमार लाल दास, जमशेदपुर – 50 सेकेण्ड

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के सीताराम डेरा थाना अंतर्गत कुआं मैदान में डीएलसी द्वारा भवन निर्माण का कार्य कराये जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध शुरु कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मैदान में खेलकर हॉकी, तीरंदाजी और मुक्केबाजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी निकले हैं। खेल के मैदान में सरकारी भवन का निर्माण अनुचित है।

****

राज्य के गिरिडीह, हजारीबाग और चतरा जिले में कुछ देर में गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। इस दौरान वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इन तीन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

****

राजधानी रांची के कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केंद्र खेल मैदान में आज से तीन दिवसीय दक्षिणी छोटा नागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। इस प्रतियोगिता में पांच जिलों के लगभग 400 पुलिसकर्मी खिलाड़ी के रूप में शामिल हो रहे हैं।

*********समाप्त*********